आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 08.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा।

2– एनआईटी रायपुर का सोलहवां दीक्षांत समारोह कल–जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा होंगे मुख्य अतिथि।

3– वर्ष दो हजार तेईस में अरनपुर में हुए माओवादी हमले को लेकर एनआईए ने दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में एक साथ बारह जगहों पर की छापेमारी।

**और**

4– मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में कल से शीतलहर चलने की संभावना जताई।

..............

**संसद–शीतकालीन सत्र**

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा, जो उन्नीस दिसंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि केन्द्र सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है, जो लोकतंत्र को मजबूत करे और देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

**राष्ट्रपति–छत्तीसगढ़ प्रवास**

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगामी बीस नवंबर को छत्तीसगढ़ आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति सरगुजा संभाग में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति के प्रवास की तैयारियों को लेकर आगामी ग्यारह नवंबर को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी प्रमुख मंत्रालय और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संबंधित जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे।

**एनआईटी–दीक्षांत समारोह**

---

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर का सोलहवां दीक्षांत समारोह कल नौ नवंबर को राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जम्मू–कश्मीर के उप

राज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि होंगे। जबकि, केन्द्र सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार डॉक्टर जी. सतीश रेड्डी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

समारोह में एक हजार तीन सौ बयासी विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। वहीं, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सत्ताईस स्वर्ण और सत्ताईस रजत पदक प्रदान किए जाएंगे।

**वंदे मातरम्**

राष्ट्र गीत ''वंदे मातरम'' की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दुर्ग जिले के उतई में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सीआईएसएफ द्वारा सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस मौके पर वंदे मातरम् बाईक रैली निकाली गई। इस रैली को औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिरीक्षक नीलिमा रानी सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली उतई, डूमरडीह और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए सीआईएसएफ परिसर पहुंची।

इस अवसर पर नीलिमा रानी सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से सीआईएसएफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**एनआईए–छापा**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने कल देर शाम बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में एक साथ बारह जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई वर्ष दो हजार तेईस में दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुए आईईडी विस्फोट और माओवादी हमले को लेकर की गई है। इस हमले में ग्यारह लोग शहीद हो गए थे, जिनमें दस पुलिस के जवान थे।

मिली जानकारी के अनुसार छापे की कार्रवाई उन संदिग्ध आरोपियों के परिसरों पर की गई, जो प्रतिबंधित संगठन–सीपीआई माओवादी के सशस्त्र कैडरों के संपर्क में थे। तलाशी के दौरान एजेंसी ने नगदी, हस्तलिखित पत्र, माओवादियों की लेवी वसूली की रसीद बुक और डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं।

**जशपुर जम्बूरी**

जशपुर जिले में आयोजित चार दिवसीय 'जशपुर जम्बूरी' में जिले के युवाओं के साथ–साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटक भी शामिल हो रहे हैं। इस आयोजन में देशभर से आए एक सौ बीस से अधिक प्रतिभागियों ने नीमगांव में पक्षी दर्शन से अपनी यात्रा की शुरूआत की।

जशपुर जम्बूरी का कल नौ नवंबर को समापन होगा।

**बैगा/गुनिया–सम्मान**

प्रदेश में ''मुख्यमंत्री बैगा–गुनिया–हड़जोड़ सम्मान'' योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के बैगा, गुनिया और हड़जोड़ के चिन्हित व्यक्तियों को प्रतिवर्ष पांच हजार रूपये की सम्मान सह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस संबंध में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य के जनजाति बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत् रूप से वनौषधीय चिकित्सा संबंधी कार्यों में संलग्न बैगा, गुनिया और हड़जोड़ लोगों को प्रोत्साहित करने और उनकी सेवा तथा योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है।

**नगरीय निकाय–यूपीआई**

राज्य सरकार ने ई–गवर्नेंस परियोजना के तहत प्रदेश के सभी एक सौ बयानवे नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। यह पहल ''एक राज्य–एक प्लेटफॉर्म'' और ''डिजिटल छत्तीसगढ़'' के लक्ष्य को साकार करेगा। इसके तहत लोग अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से प्रत्येक सेवा का लाभ ले सकेंगे। संपत्ति कर, जल कर, व्यापार कर और ठोस अपशिष्ट शुल्क जैसी सभी देनदारियां ऑनलाइन जमा की जा सकेंगी। नागरिकों को बैंक, यूपीआई, वॉलेट या नेट बैंकिंग जैसे माध्यमों से त्वरित भुगतान की सुविधा मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि ई–गर्वनेंस परियोजना सुशासन के नये युग की शुरूआत होगी। इससे नागरिकों को सभी शहरी सेवाएं घर बैठे समय पर और पारदर्शी रूप से मिलेंगी।

## **जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **"महासमुंद"** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## **ट्रेन परिचालन**

दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेलवे मंडल में आगामी तेरह से तेईस नवंबर तक शालीमार यार्ड के आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। साथ ही कुछ गाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा।

## **मौसम**

मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ में कल से शीतलहर चलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक मौसम शुष्क रहेगा। इस

दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– राज्य सरकार ने प्रदेश में मेडिकल नर्सिंग और फिजियोथैरेपी शिक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक हजार नौ नये पदों के सृजन और स्वीकृति को मंजूरी दे दी है।

– प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत महाविद्यालय और विश्वविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर से बढ़ाकर पंद्रह नवंबर कर दी गई है। विद्यार्थी अपना आवेदन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर में कोड उत्सव राष्ट्रीय स्तर की कोडिंग हैकथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभर की तकनीकी संस्थानों से आए एक सौ पचास से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

– महासमुंद जिले के ग्राम बोरीड में 'आदिवासी न्याय और विधिक जागरूकता'' विषय पर कार्यशाला और क्षेत्रीय भ्रमण का आयोजन किया गया।

– राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी का इंक्यावनवां स्थापना दिवस सीपत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

—    छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसायटी के तत्वावधान में राजधनी रायपुर में आगामी बारह नवंबर से पांच दिवसीय मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## <u>संक्षिप्त समाचार—02</u>

---

—    नारायणपुर में अगले वर्ष पच्चीस जनवरी को अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले, कल वन मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले की ग्राम पंचायत खोड़गांव में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन के पांचवें संस्करण के पोस्टर का विमोचन किया।

—    जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर में बारह नवंबर को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

और

—    कोरबा जिले के करतला वन क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोतली में हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक ग्राम घिनारा का रहने वाला था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>